# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 151/2024

**ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त डी॰एल॰एड॰ कोर्स संचालित संस्थान के प्राचार्य एवं संबंधितों को डी॰एल॰एड॰ परीक्षा वर्ष, 2024 हेतु जमा किये गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन प्रपत्र से संबंधित द्वितीय डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि सुधार के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा ERC NCTE से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्राप्त सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि समिति की प्रसारित विज्ञप्ति संख्या– पी॰आर॰ 85/2024, पी॰आर॰ 104/2024 एवं पी॰आर॰ 119/2024 द्वारा दिनांक 27.02.2024 से 25.03.2024 तक की अवधि में ऑनलाईन माध्यम से जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र से संबंधित द्वितीय डमी प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर दिनांक 24.04.2024 से 29.04.2024 तक त्रुटि संशोधन हेतु अपलोड रहेगा। उक्त अवधि में संबंधित संस्थान के प्राचार्य अपने संस्थान के विद्यार्थियों का डमी प्रवेश पत्र समिति की वेबसाईट से तीन प्रति में डाउनलोड कर दो प्रति अपने हस्ताक्षर/मुहर के साथ संबंधित विधार्थी को उपलब्ध करा देंगे और तीसरी प्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।

2. डमी प्रवेश पत्र में यदि किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो संबंधित विद्यार्थी उसमें वांछित संशोधन कर अपने हस्ताक्षर के साथ अपने संस्थान प्राचार्य को उपलब्ध करा देंगे। त्रुटि सुधार हेतु हस्ताक्षर के साथ प्राप्त डमी प्रवेश पत्र को महाविद्यालीय अभिलेखों से मिलानकर संतुष्ट होने के उपरान्त ही संस्थान प्राचार्य पोर्टल पर वांछित संशोधन करेंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात् त्रुटि में सुधार हेतु कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**